# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड
## Rajasthan Staff Selection Board
Agriculture Campus, Durgapura, Jaipur, Rajasthan, 302018

International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World

https://rssb.rajasthan.gov.in


**क्रमांकः प14(176)RSSB/ अर्थना /प्रा.वि.अ./लेवल–प्रथम एवं द्वितीय/भर्ती/2025** **दिनांक : यथाहस्ताक्षर**

## –:प्रेस विज्ञप्तिः–

## प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल–प्रथम (सामान्य/संस्कृत शिक्षा) – 2025 एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल–द्वितीय (संस्कृत शिक्षा) सीधी भर्ती – 2025

बोर्ड द्वारा प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल प्रथम (सामान्य/संस्कृत शिक्षा) 2025 एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल द्वितीय (संस्कृत शिक्षा) 2025 के लिए राजस्थान पंचायती राज नियम–1996, यथा संशोधित राजस्थान संस्कृत शिक्षा राज्य एवं अधीनस्थ सेवा विद्यालय शाखा नियम 2015 एवं यथा संशोधित राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम–2014 के प्रावधानों के अनुसार प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल प्रथम (सामान्य/संस्कृत शिक्षा) के लिए 5636 पदों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल द्वितीय (संस्कृत शिक्षा) के 2123 पदों के लिए विज्ञापन संख्या क्रमशः 08/2025 एवं 09/2025 दिनांक 06.11.2025 को जारी किया गया। जिसमें दिनाँक 07.11.2025 से दिनाँक 06.12.2025 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। सीधी भर्ती हेतु परीक्षाएं अजमेर, अलवर, बांसवाडा, बारां, बाडमेर, भरतपुर, भीलवाडा, बीकानेर, जयपुर, झुंझुंनू, जोधपुर, कोटा, श्रीगंगानगर तथा उदयपुर जिलों में आवंटित परीक्षा केन्द्रों पर **ऑफलाईन (ओ.एम.आर.) आधारित परीक्षा** दिनांक 17.01.2026 से 21.01.2026 तक आयोजित करवाई जानी प्रस्तावित है।

**उक्त भर्तीयों में आवेदकों को दिनाँक 10.12.2025 से दिनाँक 16.12.2025 को 23.59 बजे तक ऑनलाईन संशोधन हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।** ऑनलाईन आवेदन में अभ्यर्थी OTR मे दर्ज सूचनाओं, फोटो एवं हस्ताक्षर, शैक्षणिक योग्यता के अतिरिक्त अन्य सूचनाओं में निर्धारित रू–300/–का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संषोधन कर सकेंगे। उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई संशोधन नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। आवेदन मे संशोधन हेतु बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा। उक्त भर्तीयों में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अर्थात् संबंधित प्रमाण पत्र धारित नहीं करने वाले एवं उक्त परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने के इच्छुक आवेदकों को **ऑनलाईन आवेदन प्रत्याहरित करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। ऐसे आवेदक कुल 03 दिवस की अवधि में दिनांक 18.12.2025 से दिनांक 20.12.2025, 23.59 बजे तक** SSO Portal पर Login कर Recruitment Portal का चयन कर My Recruitment Section के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध Withdraw Button पर क्लिक कर अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) कर सकेंगें। विज्ञापन के अनुसार वांछित योग्यता नहीं होने के बावजूद भी इस अवधि में आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध बोर्ड द्वारा पात्रता जांच उपरान्त विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी।

प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल प्रथम (सामान्य/संस्कृत शिक्षा) 2025 एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अध्यापक लेवल द्वितीय (संस्कृत शिक्षा) 2025 परीक्षा में जारी विज्ञप्ति की शेष शर्ते विज्ञापन संख्या क्रमशः 08/2025 तथा 09/2025 दिनाँक 06.11.2025 एवं संशोधित विज्ञप्ति दिनाँक 07.11.2025 तथा दिनाँक 08.11.2025 के अनुसार यथावत रहेंगी।

**सचिव**

Signature Not Verified

Digitally signed by Preeti Mathur
Designation : Secretary
Date: 2025.12.09 19:49:05 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19291136

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, शासन सचिवालय, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को समाचार पत्रों के दैनिक संस्करणों में एक मुख्य अखिल अखिल भारतीय दैनिक समाचार पत्र एवं एक वृहत परिचालन वाले राज्य स्तरीय मुख्य दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित करवाकर बिल भुगतान हेतु बोर्ड को भिजवाये जाने का श्रम करावें।
2. प्रभारी, आई.टी. अनुभाग, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को भेजकर लेख है कि उक्त आदेश को बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करावें एवं संशोधन के लिए आवश्यक व्यवस्था करावें।

**सचिव**

Signature Not Verified

Digitally signed by Preeti Mathur
Designation : Secretary
Date: 2025.12.09 19:49:05 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19291136